अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

अमरोहा : चांद बीड़ी कंपनी के नाम से नकली बीड़ी बनाने वाले के घर पर छापा, सामान जब्त

भारी मात्रा में नकली रैपर, दीवार घड़ी, स्टीकर, थैले समेत अन्य सामान जब्त , दिल्ली तीस हजारी कोर्ट के कोर्ट कमिश्नर के निर्देशन में मारा गया छापा

नौगांवा सादात (अमरोहा), अमृत विचार। चांद बीड़ी कंपनी के नाम पर नकली बीड़ी बनाने वाले के घर पर छापा मारा गया। यह छापामार कार्रवाई दिल्ली तीस हजारी कोर्ट के कमिश्नर निखिल चोपड़ा के निर्देशन पर की गई। पिछले दिनों चांद बीड़ी के नाम से नकली बीड़ी बनाकर बेचने की शिकायत चांद बीड़ी कंपनी के मालिक अमीर हसन अंसारी ने की थी।

दिल्ली तीस हजारी कोर्ट की ओर से नियुक्त कोर्ट कमिश्नर निखिल चोपड़ा के निर्देश पर एडवोकेट राकेश पटियाला एडवोकेट, सुरेंद्र नागपाल एडवोकेट, इकबाल सिंह बेदी और चांद बीड़ी कंपनी के एडवोकेट अभिषेक माबी की टीम नौगांव सादात थाने पहुंची। वहां से पुलिस बल साथ में लेकर चांद बीड़ी की नकल करने वाले अकरम रंग वाली गली में रहने वाले व्यक्ति के आवास पर छापा मारा तो भारी मात्रा में चांद बीड़ी कंपनी से मिलते-जुलते रैपर, दीवार घड़ी, स्टीकर, थैले बरामद कर जब्त किया गया।

इसे टीम अपने साथ ले गई। पुलिस ने बताया कि चांद बीड़ी के नाम से नकली बीड़ी बनाकर मार्केट में बेचने वाले के खिलाफ दिल्ली की 30 हजारी कोर्ट में मुकदमा चलाया जाएगा। दोनों पक्षों को सुनने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

Source: https://www.amritvichar.com/article/520042/raid-on-the-house-of-fake-bidi-in-the-name#gsc.tab=0